संख्या-72/2019/1938 ई-2/तेरह-2019-20/2010

प्रेषक

आलोक कुमार द्विवेदी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक 11 अक्टूबर, 2019

विषय:-डा0 विल्मर श्वाबे इण्डिया प्रा0लि0, नोएडा गौतमबुद्धनगर को ई0एन0ए0 का वार्षिक कोटा 3.0 लाख ए0एल0 से बढ़ाकर 4.0 लाख ए0एल0 किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन को संबोधित अपने पत्र संख्या-जी-55/चौबीस-202, दिनांक 18-09-2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा डा0 विल्मर श्वाबे इण्डिया प्रा0लि0, नोएडा गौतमबुद्धनगर को ई0एन0ए0 का वार्षिक कोटा 3.0 लाख ए0एल0 से बढ़ाकर 4.0 लाख ए0एल0 किये जाने किये जाने की संस्तुति की गई है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 18-09-2019 में आप द्वारा की गयी संस्तुति पर सम्यक विचारोपरान्त डा0 विल्मर श्वाबे इण्डिया प्रा0लि0, नोएडा गौतमबुद्धनगर को ई0एन0ए0 का वार्षिक कोटा 3.0 लाख ए0एल0 से बढ़ाकर 4.0 लाख ए0एल0 किये जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि उक्त इकाई द्वारा एल0-1 अनुज्ञापन हेतु निर्धारित शर्तो का अक्षरशः अनुपालन किया जाएगा तथा उक्त हेतु देय निर्धारित शुल्कों का नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।

तद्रसार कृपया अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आलोक कुमार द्विवेदी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।